**HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN**
**BENCH AT JAIPUR**

S.B. Civil First Appeal No. 831/2022

Dilip Sharan S/o Madan Sharan

----Appellant

Versus

Harnarayan S/o Fatta

----Respondent

---

For Appellant(s) : Mr. Mithun Bhai Chaturvedi
For Respondent(s) :

---

**HON'BLE MR. JUSTICE VINOD KUMAR BHARWANI**

**Order**

**16/08/2024**

प्रत्यर्थी की तरफ से कोई उपस्थित नहीं।

अपीलार्थी की ओर से प्रस्तुत प्रार्थनापत्र संख्या–1 / 24 पर सुना गया।

अपीलार्थी के योग्य अधिवक्ता का निवेदन है कि उनके द्वारा विचारण न्यायालय के निर्णय व डिक्री दिनांक 11.10.2022 के विरूद्ध यह अपील पेश की गई है। उनका यह भी निवेदन है कि प्रत्यर्थी की ओर से वादग्रस्त जमीन पर अपील के लंबित रहते हुए निर्माण कार्य करवाया जा रहा है, जबकि विचारण के दौरान वादग्रस्त सम्पत्ति के संबंध में स्थगन आदेश रहा है।

अपीलार्थी / वादी द्वारा वादपत्र संविदा की विशिष्ट पालना का पेश किया गया है तथा विचारण न्यायालय द्वारा आंशिक रूप से दावा डिक्री करते हुए पांच लाख रूपए मय ब्याज दिलाए जाने के आदेश दिये गये हैं, जबकि प्रतिवादी की ओर से कोई भी साक्ष्य पेश नहीं की गई है तथा वर्तमान में वादग्रस्त संपत्ति का निर्माण करवाया जा रहा है।

प्रकरण के समस्त तथ्यों–परिस्थितियों एवं मामले की प्रकृति को देखते हुए प्रत्यर्थी संख्या–1 को निर्देशित किया जाता है कि वे आगामी सुनवाई तिथि तक वादग्रस्त सम्पत्ति का किसी तृतीय पक्षकार के अधिकार उत्पन्न करने के

उद्देश्य से, किसी भी तरह से तीसरे पक्षकार को बेचान/अंतरण नहीं करेंगे तथा वादग्रस्त सम्पत्ति पर किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं करेंगे।

प्रार्थना पत्र इसी अनुसार निस्तारित किया जाता है।

पत्रावली दिनांक 30.09.2024 को सूचीबद्ध की जावे।

(VINOD KUMAR BHARWANI),J

MAHESH ADWANI /429